मेरी नाव को पार लगा देना

बजरंगबली मेरी नाव चली,
मेरी नाव को पार लगा देना,
मुझे माया मोह ने घेर लिया,
संताप हृदय का मिटा देना,
बजरंगबली मेरी नाव चली,
मेरी नाव को पार लगा देना।

मै दास तो आपका जन्म से हूँ,
बालक और शिष्य भी धर्म से हूँ,
निर्लज्ज विमुख निज कर्म से हूँ
चित से मेरा दोष भुला देना,
बजरंगबली मेरी नाव चली,
मेरी नाव को पार लगा देना..........

दुर्बल गरीब और दीन भी हूँ,
निज कर्म क्रिया गति क्षीण भी हूँ,
बलवीर तेरे आधीन हूँ मैं,
मेरी बिगड़ी बात बना देना,
बजरंगबली मेरी नाव चली,
मेरी नाव को पार लगा देना..........

बल मुझको दे निर्भय कर दो,
यश शक्ति मेरी अक्षय कर दो,
मेरा जीवन अमृतमय कर दो,
संजीवनी मुझे पिला देना,
बजरंगबली मेरी नाव चली,
मेरी नाव को पार लगा देना..........

करूणानिधि नाम तो आपका है,
तुम रामदूत अभिराम प्रभु,
छोटा सा है एक काम मेरा
श्री राम से मोहे मिला देना,
बजरंगबली मेरी नाव चली,
मेरी नाव को पार लगा देना.......

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/24448/title/meri-naav-ko-paar-laga-dena

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |